हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 20 जुलाई 2024



तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 27. 0 डिग्री

4 अलग-अलग क्षेत्रों से पुलिस ने 9 लाख के मोबाइल किए बरामद



# उन्मुक्त खेल मैदान का काम अधूरा, सीएमओ ने काटा चेक, अध्यक्ष ने लगाई रोक

## नवागढ़ नगर पंचायत का मामला, जनप्रतिनिधि व अधिकारी आमने सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

नगर पंचायत नवागढ़ में तकरीबन 40 लाख की लागत से बनने वाले उन्मुक्त खेल मैदान के काम में गड़बड़झाला का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि आधा अधूरा इस निर्माण कार्य में ठेकेदार को भुगतान करने सीएमओ ने तीसरी किश्त का चेक काट दिया, लेकिन जब यह अध्यक्ष के पास पहुंचा तो फाईल रोक दी गई और पूरे मामले की शिकायत नगरीय प्रशासन के साथ कलेक्टर से की गई है।

गौरतलब है कि नगर पंचायत नवागढ़ में पिछले कुछ दिनों से जनप्रतिनिधि और अधिकारियों के बीच तालमेल नहीं बैठ रहा है। दरअसल पूरा मामला यहां चल रहे लाखों के निर्माण कार्य में गड़बड़ी और अनियमतिता से जुड़ा हुआ है। वर्तमान में नगर पंचायत नवागढ़ के वार्ड क्रमांक 15 में तकरीबन 40 लाख रुपए की लागत से हो रहे उन्मुक्त खेल मैदान के भुगतान को लेकर अधिकारी और जनप्रतिनिधि सामने सामने आ गए है। विभागीय जानकारी के मुताबिक निर्माण कार्य अभी आधा भी नहीं हुआ है और नगर पंचायत के अधिकारियों द्वारा पहली, दूसरी किश्त में तकरीबन 14 लाख रुपए भुगतान करने के बाद तीसरी किश्त की राशि पौने 6 लाख रुपए ठेकेदार को भुगतान करने के लिए चेक काट दिया गया। पूरी फाईल तैयार करके उन्होंने अपूर्ण कार्य के निर्माण के लिए तीसरी किश्त का भुगतान करने एचडीएफसी बैंक का चेक जारी किया। अफसरों से जारी किया गया चेक जब नगर पंचायत अध्यक्ष भुवनेश्वर केशरवानी के पास पहुंचा तो उन्होंने निर्माण कार्य की जानकारी ली और अपूर्ण होने पर ना केवल हस्ताक्षर करने से इंकार किया जबकि पूरी फाईल पर रोक लगाते हुए इस पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर से की। नगर पंचायत अध्यक्ष ने इस पूरे मामले में सीएमओ और विभागीय अधिकारियों के साथ ठेकेदार की सांठगांठ बताते हुए जांच की मांग की है। उन्होंने निर्माण में बरती गई अनियमितता व गड़बड़ी की जांच के अलावा निर्माण कार्य अपूर्ण होने के बावजूद तीसरी किश्त की राशि जारी करने के इस मामले में भी जांच की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी नगर पंचायत नवागढ़ में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच तालमेल का अभाव रहा है। जिसकी शिकायत पूर्व में भी हुई थी। बहरहाल आधे अधूरे निर्माण कार्य को लेकर ठेकेदार को भुगतान करने के लिए चेक जारी करने के मामले में यहां की कार्यशैली पर फिर से सवाल उठने लगे है।

### किए है शिकायत

काम अधूरा है। छत ढलाई नहीं हुई है और तीसरी किश्त देने चेक जारी किया गया। सारा काम अधिकारी व ठेकेदार की मिलीभगत से हो रहा है। पूरे मामले की शिकायत किए है।

- भुवनेश्वर केशरवानी, अध्यक्ष नगर पंचायत नवागढ़



### मूल्यांकन के आधार पर चेक

मूल्यांकन के बाद खेल मैदान के काम का भुगतान करने तीसरी किश्त का चेक जारी किया गया है। अध्यक्ष ने फाईल रोकी है, यह उनका विषय है। नियमानुसार चेक जारी किए है।

-विष्णु यादव, सीएमओ नगर पंचायत नवागढ़

## सायबर सेल की मदद से पुलिस ने की कार्रवाई

# ऑनलाइन शॉपिंग से मंगाए चाकू लाइटर, पिस्टल थोक में हुए जब्त

## किसी ने शौक में तो किसी ने कहा घरेलू उपयोग के लिए मंगाए है

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मोबाइल पर विज्ञापन देखकर ऑनलाइन शॉपिंग से हथियार खरीदने वालों की कुंडली खंगालकर पुलिस ने जब्ती की बड़ी कार्रवाई की है। सायबर सेल की मदद से की गई इस कार्रवाई में 35 नग धारदार छुरी, चाकू व 8 लाइटर पिस्टल बरामद किया है। खास बात यह है कि खरीदने करने वाले अधिकांश युवा वर्ग के है। इनमें से कुछ ने शौक में तो कुछ ने घरेलु उपयोग के लिए इसे खरीदना बताया है। जिन्हें जब्ती के बाद समझाईश के बाद छोड़ा गया।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में जिला पुलिस जांजगीर चांपा लगातार अवैध कार्यों में लिप्त लोगों पर कार्यवाही कर रही है। इसी तारतम्य में अवैध रूप से धारदार हथियार बटन दार चाकू तथा पिस्टल नुमा लाइटर इत्यादि रखने वालों पर भी नजर रखी जा रही थी। पुलिस ने बताया कि इस प्रकार के हथियारो से अपराध घटित करने एवं अनेक प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने की संभावनाएं बनी रहती है। कई ऑनलाइन शॉपिंग साइट से भी इस प्रकार के हथियार मांगे जाने की सूचना पर साइबर सेल के माध्यम से तकनीकी जानकारी प्राप्त कर ऐसे व्यक्तियों की सूची प्राप्त की गई, जिन्होंने इस प्रकार के हथियार मंगाए हैं। ऐसे लोगों से संपर्क कर उनके हथियार बरामद किए गए तथा उन सभी को इस प्रकार के हथियार मंगवाने का कारण पूछा गया, जिसमें कुछ लोगों द्वारा घरेलू कार्य एवं कुछ युवकों द्वारा फैशन के कारण इस प्रकार के डिजाइनर चाकू तथा पिस्टल नुमा लाइटर इत्यादि मंगाये थे। सभी को बरामद किया गया एवं इनके धारकों को समझाइश दिया गया। इस प्रकार के हथियार नहीं मंगवाने की समझाइश दी गई। साइबर सेल द्वारा की गई इस कार्यवाही में लगभग 35 चाकू एवं 8 पिस्टल नुमा लाइटर बरामद किया गया है। जिसमें कुछ छोटी कुछ बटन दार चाकू भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि इस तरह से आनलाइन शॉपिंग के माध्यम से हथियार मंगवाने वालों में ज्यादातर 20 व 25 साल के युवा है। जिन्हें समझाईश दी गई। साथ ही उनके अभिभावकों को भी इस बारे में सतर्क किया गया। उक्त कार्यवाही पर्यवेक्षण अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक अनिल कुर्रे के नेतृत्व में सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक पारस पटेल, एएसआई विवेक कुमार सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज तिग्गा, विवेक सिंह, आरक्षक सिदार सिंह पैकरा, रोहित कहरा, आनंद सिंह, अर्जुन यादव महिला आरक्षक दिव्या सिंह का योगदान रहा।




जब्त हथियार व पिस्टल।

# रजाई गद्दे की दुकान में लगी आग, पूरा समान जलकर खाक

## सात लाख रुपए का नुकसान का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पामगढ़ पोस्ट ऑफिस के पास स्थित एक रजाई गद्दे की दुकान में शुक्रवार की सुबह 7:30 बजे के आसपास भयानक आग लग गई। आग लगने से दुकान का सामान जलकर पूरा खाक हो गया। बताया जाता है कि दुकान में जब आग लगी उस दौरान घर में तीन बच्चे और पति-पत्नी मौजूद थे। घटना में किसी तरह प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। दुकान संचालक के अनुसार 7 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

दरअसल पामगढ़ पोस्ट ऑफिस के पास बिहार के दरभंगा जिले से आए दो भाइयों ने यहां पर जयपुरी सोफा रिपेयरिंग की दुकान का संचालन करते हैं। दुकान के संचालक मोहम्मद वकीफ ने बताया कि शुक्रवार 19 जुलाई की सुबह 7:30 के आसपास वह रुई धुनाई के लिए अपनी मशीन चालू कर रहा था इसी दौरान डीजल मशीन से चिंगारी उठी। इस समय घर में पति-पत्नी के अलावा उनके छोटे-छोटे तीन बच्चे भी थे। रूई में लगी आग को सभी ने बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग बढ़ती चली गई। मदद के लिए उसने आसपास के लोगों को आवाज लगाई लेकिन सड़क पर उस समय कोई व्यक्ति नहीं था। धीरे-धीरे आग विकराल रूप लेती चली गई। किसी तरह सभी बच्चों को दुकान से बाहर निकाला और सुरक्षित स्थान पर भेज दिया। दुकान में लगभग 7 लाख का सामान जलकर खाक हो गया। इस आगजनी में नगद 20 हजार रुपए और 20-20 हजार रुपए के 2 मोबाइल भी आग में जल गए। आग इतनी भयानक थी कि उससे निकलने वाला धुआं आसपास 10 किलोमीटर तक दिखाई दे रहा था। बाद में लोगों की भीड़ सड़क पर उमड़ आई। रजाई गद्दे की दुकान के बगल में ही एक पानी पाईप और पम्प की दुकान है। आग की लपटे उनकी दुकान में पहुंचनी शुरू हो गई थी। दुकान संचालक ने परिजनों के साथ मिलकर दुकान में रखे सामान को बाहर निकाल। काफी देर बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने मशक्कत शुरु हुई, जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक पूरा सामान, नगदी व मोबाइल जलकर खाक हो चुका था।



दुकान में लगी आग।



आग को बुझाते दमकल कर्मी

# काम दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** काम दिलाने के नाम पर लाखो रुपए लेकर धोखाधड़ी करने वाली महिला आरोपी को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी रामनरेश कश्यप द्वारा लिखित आवेदन देकर अपने साथ 1 लाख 74 हजार रुपए की धोखाधड़ी होने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई। ज्योति देवांगन ने प्रार्थी को झांसे में लिया और 1 लाख 74 हजार रुपए अपने खाता में ट्रांफसर करवा लिए। प्रार्थी द्वारा अपना रकम मांगने पर उसे भी वापस नहीं दे रही है। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना चांपा में धारा 420 भादवि का विवेचना में लिया गया। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा चुका है।

# 149 अवैध नशीली दवाई के साथ आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अवैध रूप से 149 नग नशीली दवाई के साथ आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के देवरी मोड़ का है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 18 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति मोटरसायकल होन्डा साइन क्रमांक सी.जी. 12 बी.ई. 9171 में अवैध मादक पदार्थ, नशीली दवा लेकर शिवरीनारायण की ओर आ रहा है कि सूचना पर पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में आरोपी को पकड़ने के लिए देवरीमोड शिवरीनारायण में पहुंच कर घेराबंदी किया जाकर एएसपी राजेन्द्र कुमार जायसवाल के मार्ग दर्शन में आरोपी सरजू सागर निवासी बदराठाकुर थाना पथरिया जिला मुंगेली को पकड़ा। जिसके कब्जे से मादक पदार्थ नशीली इंजेक्शन जुमला कीमती 7450 रुपए तथा परिवहन में उपयोग किये होन्डा साईन मो.सा. को बरामद किया जाकर आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबुत पायें जाने से धारा 21 एन. डी. पी. एस. एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक सागर पाठक थाना प्रभारी शिवरीनारायण सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक पारस पटेल, साइबर सेल से सउनि विवेक कुमार सिंह, रामप्रसाद बघेल प्रआर मनोज तिग्गा आरक्षक आरक्षक रोहित कहरा, सहबाज अहमद, अर्जुन यादव, प्रदीप दुबे थाना शिवरीनारायण से सउनि प्रमोद महार, आरक्षक महेंद्र राज, श्रीकांत सिंह, द्वारीका साहू, लीलाराम साहू, तेरस साहू का सराहनीय योगदान रहा।



जब्त नशीली दवाईयों के साथ गिरफ्तार आरोपी।


## परियोजना अधिकारी एकीकृत को 1 माह का मानदेय रोकने के निर्देश

# कार्यक्रम अधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्र का लिया जायजा, कम मिले बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना अकलतरा अंतर्गत सेक्टर कटघरी में आंगनबाड़ी केन्द्र औरापारा परसाहीनाला एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पोड़ीदल्हा का निरीक्षण किया गया। उक्त संबंध में परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना अकलतरा को उक्त कार्यकर्ता का कार्य में सुधार होने तक 1 माह का मानदेय रोके जाने हेतु निर्देश दिया गया है।

गौरतलब है कि जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि निरीक्षण दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र औरापारा परसाहीनाला में 19 बच्चे दर्ज है। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी में 17 बच्चों की उपस्थिति दर्ज पाई गई। जिसमें से केन्द्र में कुल 5 बच्चे ही उपस्थित पाए गए। आंगनबाड़ी केन्द्र में 2 मध्यम कुपोषित व 2 गंभीर कुपोषित बच्चे दर्ज है। केंद्र में निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई का अभाव, अनौपचारिक शिक्षा का अभाव पाया गया एवं आज दिनांक को समुदाय आधारित गतिविधि सुपोषण चौपाल का आयोजन किया जाना था किन्तु आयोजन नहीं किया गया है। कार्यकर्ता द्वारा केन्द्र संचालन का कार्य सही ढंग से नही किया जा रहा है, तथा इनका कार्य संतुष्टि पूर्ण नहीं है। उक्त संबंध में परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना अकलतरा को उक्त कार्यकर्ता का कार्य में सुधार होने तक 1 माह का मानदेय रोके जाने हेतु निर्देश दिया गया है।




आंगनबाड़ी केन्द्र का जायजा लेने पहुंची जिला कार्यक्रम अधिकारी।

# नाबालिग से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



नबालिक बालिका को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला जांजगीर थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता का आरोपी अजय यादव से जान पहचान होने से आरोपी एवं पीड़िता एक दुसरे से मोबाईल से बातचीत करने लगे। इसी दौरान आरोपी द्वारा पीड़िता को शादी करने की बात कहकर उसके साथ दैहिक शोषण किया। पीड़िता शादी करने के लिये कहा तो आरोपी द्वारा मना किया। पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना जांजगीर में धारा 376 (2) (एन) भा.द.वि. 6 पास्को एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। नाबालिक बालिका पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर से टीम गठित की गई। इसी क्रम में एएसपी पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में आरोपी को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर घटना घटित करना स्वीकार करने एवं आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबुत पायें जाने से गिरफ्तार कर 19 जुलाई को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## खबर संक्षेप

### सिविल सेवा परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** राजीव युवा उत्थान योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के 50 सीट 135 सीट = 185 सीट ( एसटी-50 प्रतिशत, एससी-30 प्रतिशत, ओबीसी-20 प्रतिशत) (प्रत्येक वर्ग में महिलाओं के लिये 33 प्रतिशत आरक्षित) के लिए, ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आंमत्रित किया गया है जो संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी नई दिल्ली में करना चाहते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों से 5 अगस्त रात्रि 12 बजे तक ऑनलाईन पर आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है। इस परीक्षा से संबंधित समस्त जानकारी यथा पात्र अभ्यर्थी, परीक्षा केन्द्र, परीक्षा परिणाम आदि सूचना विभागीय वेबसाइट से अभ्यर्थी प्राप्त कर सकते हैं। उक्ताशय की जानकारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जांजगीर-चांपा ने दी हैं।

### नमो जन जागृति ने नैला में उपडाघर को यथावत रखने रखी मांग

**जांजगीर-चांपा।** नमो जन जागृति समिति के आशीष पूरनचंद अग्रवाल ने नैला की पुरानी उप डाकघर आरएस को यथा स्थान रखने की मांग अधीक्षक बिलासपुर के समक्ष रखा। जिस पर अधीक्षक बिलासपुर से आश्वासन मिला है कि नैला में शीघ्रही उप डाकघर खोला जाएगा। ज्ञात हो कि नैला कुबेर पारा में आजादी के समय से उपडाकघर संचालित था , जिसे विगत माह यहां से स्थांतरित कर कलेक्ट्रेट मार्ग जांजगीर जिला अदालत के समक्ष लेजाया गया है । इसके बाद से अनेक संस्थाओं एवम् जनप्रतिनिधियों के द्वारा यथा स्थान रखने की मांग लगातार की जा रही है। इसी क्रम में नमो जन जागृति समिति के सचिव आशीष गोयल ने अधीक्षक बिलासपुर डाक से समस्या से अवगत कराया जिस पर अधीक्षक द्वारा उन्हें यथा स्थान रखने की आश्वासन दिया है ।

### पात्र, अपात्र की सूची जारी, दावा आपत्ति 29 तक आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में कुल 48 संवगों के जिला स्तर के रिक्त 148 संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि प्राप्त आवेदनों का स्कूटनी कर पात्र, अपात्र एवं निरस्त आवेदनों की सूची जारी किया जा रहा है। जिसका दावा आपत्ति निर्धारित प्रारूप में 29 जुलाई की शाम 5 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में कार्यालयीन दिवस पर रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट अथवा सीधे जमा करा सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति मान्य नही किया जाएगा। अंतिम तिथि के उपरांत जारी नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किये जायेगें।

### 10.95 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत मुखबीर सूचना मिला कि आरोपी राजाराम शिकारी निवासी शिवरीनारायण द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु अपने मोटर सायकल में ले जा रहा है। सूचना पर 73 नग पालीथीन पाउच में भरा प्रत्येक पाउच में 150-150 एमएल भरी हुई कच्ची महुआ शराब जुमला शराब 10.95 लीटर जुमला कीमती 1090 रूपये को बरामद किया। आरोपी के विरूद्ध थाना शिवरीनारायण में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विधिवत कार्यवाही किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## खबर संक्षेप



### जय बूढ़ादेव कालेज में किया गया पौधरोपण

**कटघोरा।** कटघोरा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक पेड़ मां के नाम का संदेश देते 70 फलदार एवं छायादार पौधे लगाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अध्यक्ष एम.के. रात्रे एवं प्राचार्य डॉ प्यारे लाल आदिले के संरक्षण में स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय के परिसर में गड्ढा खोद कर आम, बीही, जाम पौधा लगाया गया। श्री रात्रे द्वारा स्वयं सेवकों को अपने गांव में पौधा लगाने एवं संरक्षित रखने आग्रह किया गया। प्राचार्य श्री आदिले द्वारा विद्यार्थियों को कहा गया कि हमारा काम सिर्फ पौधे लगाना नहीं है बल्कि उसे बड़ा करना भी हमारी जिम्मेदारी है कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रो द्रशेखर रात्रे, प्रो रामगोपाल यादव, के दिवाकर, प्रो खुशनुमा परवीन, प्रो चंद्रकली अनंत, प्रो जी लता कंवर, ताहिरा बेगम, प्रो ओम प्रकाश, सुनील जायसवाल, दुर्गेश महिपाल, धर्मेंद्र, माधुरी के साथ स्वयं सेवक गौतम नायडू, सुजाता सिंह, राकेश यादव, रितु तंवर, सोनम आदि उपस्थित थे।

### बिंझवार समाज ने मंदिर परिसर में किया पौधरोपण



**ढेलवाडीह।** अखिल भारतीय बिंझवार समाज के द्वारा जामचुवा झवारा विंध्याल्नी देवी मंदिर के प्रांगरण में पौधरोपण किया गया। अखिल भारतिय बिसवार समाज के पदाधिकारी शमिला दूए मुरारी कर्मवीर, हरि किशन बिंझवार, राम रतन बिंझवार, चैन सिंह बिंझवार, इतवार सिंह बिंझवार, राधिका बिंझवार, शुशीला बिंझवार, गिरजा बिझवार एवं राखी बिंझवार सहित अन्य उपस्थित थे।

### एसईसीएल कुसमुंडा को सौंपा गया ग्राम खम्हरिया के जमीन का आधिपत्य

**कोरबा।** ग्राम खम्हरिया मे एसईसीएल कुसमुंडा को जमीन का आधिपत्य सौंपा गया। ग्राम खम्हरिया एसईसीएल कुसमुंडा का अर्जित ग्राम है, जिसका अर्जन 1980 के दशक में हो चुका है। लगभग 100 एकड़ जमीन में एसईसीएल कुसमुंडा विकास कार्य करेगी। उक्त भूमि पर कुसमुंडा क्षेत्र के ग्राम पाली और खोडरी के भू-विस्थापितो को बसाहट दिया जायेगा। भू विस्थापितो को बसाने के पूर्व ग्राम खम्हरिया स्थित भूमि पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओ का विकास किया जा रहा है। मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रवींद्र मीणा एसडीएम कटघोरा सरोज महिलांगे, तहसीलदार दर्री राजेंद्र भारत एसईसीएल क्षेत्र महाप्रबंधक राजीव सिंह एवं एसईसीएल के अधिकारी उपस्थित रहे।

### छग बिजली कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न

**कोरबा।** छग बिजली कर्मचारी संघ उत्पादन पूर्व एवं वितरण इकाई की कार्यकारिणी बैठक संघ कार्यालय आवास ओसी/64 में आहूत की गई। जल भराव होने के कारण बैठक टाप इन टाउन के सामने आरोग्य अमृत तुल्य के पास आहुत हुई। बैठक की अध्यक्षता सत्य प्रकाश गांधी गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि जी पी राजवाड़े उपस्थित रहे। बैठक का क्रियान्वयन कर रहे कोरबा वृत्त के सचिव एवं प्रदेश मंत्री यशवन्त राठौर ने उत्पादन पूर्व इकाई के सदस्यों से वहां की समस्यायों के बारे में अवगत कराने का निवेदन किया। जिस पर सभी ने आवासीय कालोनी में अवैध कब्जाधारियों से कब्जा मुक्त कराकर कर्मचारी वर्ग को आवास आवंटित कराने, कालोनी का सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से बाउंड्री वॉल कराने कहा।

### चौकी प्रभारी ने घायल को अस्पताल में कराया दाखिल

**कोरबा।** जिले में पुलिस का मानवीय चेहरा फिर सामने आया है। एक अज्ञात लाश की विधिपूर्वक अंतिम संस्कार करने के बाद 17 जुलाई को सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी अपने घर के लिए निकले थे। तभी बरमपुर रोड पर उन्होंने देखा की रास्ते में बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो गया था, लोग मूक दर्शक बने देख रहे थे। तब चौकी प्रभारी ने अपनी कार से उतर कर लोगों की मदद से सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अपनी कार में बिठा कर मेडिकल कॉलेज कोरबा में लाकर भर्ती कराया। चौकी प्रभारी की जितनी भी तारीफ किया जाए वह काम है क्योंकि समय-समय पर चौकी प्रभारी विभव तिवारी द्वारा लगातार ने कार्य किया जा रहा है, जिसके शहर में प्रशंसा हो रही है। चौकी प्रभारी की मदद से घायल व्यक्ति को समय पर इलाज मिला। निश्चित ही इस प्रकार के कदम आम जनता भी उठाए तो लोगों की जान बचाई जा सकती है।

## कटघोरा वनमंडल के पाली रेंज के दमिया जंगल का मामला

# जंगली सुअर व चीतल का शिकार, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दमिया के जंगल में बड़ी मात्रा में चीतल व जंगली सुअर जैसे वन्य प्राणियों का बसेरा है लेकिन इन वन्य प्राणियों की सुरक्षा के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है। जिसके चलते इन वन्य प्राणियों की जान लगातार सांसत में है। हर साल गर्मी के सीजन में इन वन्य प्राणियों की कुत्तों के हमले से या फिर सड़क हादसे में मौत होती है तो वहीं दूसरी ओर इन वन्य प्राणियों का शिकार करने वालों की तादाद भी बढ़ती जा रही है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। मुखबीर से मिली सूचना पर वन विभाग के अधिकारियों ने एक ग्रामीण के घर दबिश देकर जंगली सुअर व चीतल का मांस, शिकार में इस्तेमाल किए जाने वाले सामान जप्त किया है।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा मंडल के पाली वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाला दमिया जंगल वन्य प्राणियों के लिए सबसे बेहतर घरौंदा माना जाता है। इस इलाके में सबसे ज्यादा चीतल का बसेरा है। बताया जाता है इस क्षेत्र में बसने वाले कुछ ग्रामीणों द्वारा गिरोह बनाकर जंगली सुअर व चीतल का शिकार कर उसका मांस बेचने का गोरखधंधा किया जा रहा था इन ग्रामीणों द्वारा करंट का जाल बिछाकर इन वन्य प्राणियों का शिकार किया जाता है। जब इसकी सूचना वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत को लगी तो उन्होंने इसकी धरपकड़ के लिए पाली वन परिक्षेत्र अधिकारियों को निर्देशित किया जिसके बाद पाली वन परिक्षेत्र अधिकारी संजय लकड़ा ने गुरुवार को दलबल सहित आरोपियों के ठिकाने पर दबिश दी आरोपी तो वन अमले के आने के पहले ही फरार हो गए थे इससे साफ है कि ग्रामीणों को वन विभाग के आने की खबर मिल चुकी थी। वन विभाग की टीम ने इस मामले में आरोपियों के घर से सामान एवं मांस जप्त कर फरार आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और फरार आरोपियों की धरपकड़ कराने वाले को इनाम देने की घोषणा की गई है। देखना है कि वन विभाग की टीम इन आरोपियों को कब तक पकड़ पाती है।



वन विभाग द्वारा जप्त किए गए चीतल के सिंग व शिकार में इस्तेमल किए जाने वाले सामान।

### इनके खिलाफ नामजद दर्ज किया गया अपराध

पाली रेंज के दमिया जंगल में वन्य प्राणियों के शिकार के मामले में ग्राम दमिया निवासी महेन्द्र गंधर्व पिता संतराम गंधर्व, सुरेन्द्र गंधर्व पिता संतराम गंधर्व, महावीर गंधर्व पिता धमेन्द्र, विरेन्द्र गंधर्व पिता संतराम गंधर्व शामिल हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ वन्यप्राणी अधिनियम 1972 के तहत अपराध दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। जप्त जंगली सुअर एवं चीतल के मांस पशु चिकित्सक पाली के द्वारा पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार किया जावेगा।

### घर से सुअर का मांस व हिरण का सिर हुआ जप्त

मामले में फरार आरोपियों के घर की तलाशी के लिए वन अमले की टीम सर्च वारंट लेकर दो पुलिस बल एवं राजस्व विभाग ने आर.आई. तथा स्थानीय जन प्रतिनिधि सरपंच ग्राम पंचायत दमिया, पंच एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया गया तथा सभी की उपस्थिति में सर्च प्रारंभ करते हुए घर का ताला तोड़ा गया। जहां आरोपियों के घर से 1 नग जंगली सुअर का शव 38 कि.ग्रा., 9 बंडल सेटरिंग तार, 2 नगर नायलोन जाल, 1 नग फरसा, 1 नग प्लास्टिक बोरी खून से सना हुआ, 2 नग लकड़ी का गुटका, चीतल का मांस कटा हुआ बाल्टी में 16 कि.ग्रा. एवं बोरी में 38 कि.ग्रा., नायलोन का नकली 2 रॉकेट, चीतल का सिंग 4 नग, 1 नग चीतल का सिर वजन 2.500 कि.ग्रा., 2 बंडल बिजली तार, 1 नग कुल्हाड़ी, 1 नग दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 10 बीएच 0370 को वन विभाग ने जप्त किया है।

# शुष्क दिवस पर शराब का कारोबार दो तस्करों से 107 लीटर जब्त



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त शराब की खेप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवार को मोहर्रम पर जिला प्रशासन ने शुष्क दिवस घोषित किया था लेकिन इसके बाद भी दो शराब तस्करों द्वारा जमकर अवैध शराब बेचने का गोरखधंधा संचालित किया जा रहा था जब पुलिस को इसकी सूचना लगी तो पुलिस ने दोनों आरोपियों के ठिकाने पर दबिश देकर 107 लीटर देशी और विदेशी शराब जप्त किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

उल्लेखनीय है कि सीएसईबी चौकी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि पंपहाउस निवासी अतुल कुमार गुप्ता उर्फ पिंटू एवं उसका भाई सुनील कुमार गुप्ता पंपहाउस के दो अलग-अलग जगह पर भारी मात्रा में देसी विदेशी शराब मोहर्रम शुष्क दिवस के अवसर पर बेच रहे हैं। पुलिस की टीम ने सीएसईबी पंपहाउस के दो अलग-अलग स्थानों पर मकान नंबर 1बी/51 निवासी अतुल कुमार गुप्ता उर्फ पिंटू उम्र 30 वर्ष पिता स्वर्गीय हरिशचंद्र गुप्ता के कब्जे से देसी मदिरा प्लेन शराब, बियर, अंग्रेजी शराब कुल 97.13 लीटर जप्त किया गया इसी तरह उसके भाई सुनील कुमार गुप्ता पिता स्वर्गीय हरिशचंद्र गुप्ता के कब्जे से देसी मदिरा प्लेन शराब, बियर, अंग्रेजी शराब कुल 10.815 बल्क लीटर जप्त किया गया है। पकड़े गए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

# पुलिस विभाग में जंबो सर्जरी, तीन निरीक्षक सहित 191 कर्मचारियों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस विभाग में बहु प्रतिक्षित स्थानांतरण सूची आखिरकार गुरुवार को जारी कर दी गई। जिसमें 3 निरीक्षक सहित 191 अधिकारी कर्मचारी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने पुलिस महकमें में कसावट लाने के लिए एक जंबो सर्जरी की गई है। जिसमें तीन थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों का तबादला हुआ है जिसमें मुख्य रूप से सिविल लाइन थाना प्रभारी दुर्गेश वर्मा को अजाक थाना का प्रभारी बनाया गया है जबकि उनके स्थान पर बांकीमोगरा थाना प्रभारी प्रमोद डडसेना को सिविल लाइन की जवाबदारी दी गई है जबकि पुलिस लाइन में पदस्थ तेजराम यादव को बांकीमोंगरा थाना का प्रभारी बनाया गया है। जबकि इसी तरह उपनिरीक्षक विलायत हुसैन को रक्षित केंद्र से थाना पाली, सउनि क्रमशः भेवन दास दर्री से श्यांग, राजेश तिवारी सिविल लाइन से यातायात, रामनारायण रात्रे सिविल लाइन से यातायात, अनिल खांडे उरगा से बांकीमोंगरा, इमरान खान सिविल लाइन से बालको, माखन लाल पात्रे सिविल लाइन से बालको, रामकृष्ण आदित्य हरदीबाजार से कोतवाली, रामकुमार उइके मोरगा से कोतवाली, रामकुमार पाण्डे पुलिस लाइन से कटघोरा, तरुण कुमार यातायात से सिविल लाइन, विमलेश उरांव पाली से सिविल लाइन, नरेंद्र राजवाड़े अजाक से पुलिस लाइन, सुरेश जोगी पुलिस लाइन से सिविल लाइन, कृपाशंकर दुबे बांकीमोंगरा से हरदीबाजार, समेदास खांडेकर मोरगा से पाली, लक्ष्मी प्रसाद कुर्रे कोतवाली से पसान, बलीराम निराला उरगा से पसान, परमेश्वर गुप्ता सिविल लाइन से उरगा, संतराम सिन्हा पसान से उरगा, ईश्वर एक्का अजाक से उरगा, सिमसोन मिंज कोतवाली से दर्री, ललित जायसवाल सिविल लाइन से दर्री, संतोष ताण्डी पसान से दर्री, भानु प्रताप कुर्रे दर्री से अजाक, चंद्रशेखर वैष्णव बालको से पुलिस लाइन, अश्वरी निरंकारी दीपका से पुलिस लाइन, घनश्याम सिंह राजपूत यातायात से चौकी मोरगा पदस्थ किया गया है जबकि प्रधान आरक्षक व आरक्षकों की 160 पुलिस कर्मियों की सूची जारी की गई है।




फाइल फोटो

# वार्डों के कार्यकर्ता के दम पर लड़ेंगे चुनावः साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वार्डों के कार्यकर्ता हीं तय करेंगे की कौन प्रत्याशी जीत सकता है कौन नहीं हम कार्यकर्ता के दम से चुनाव लड़ेंगे, चाहे वह जनपद पंचायत या जिला पंचायत, नगर पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका, या महापौर, हमारे लिये हमारे संगठन के कार्यकर्ता हीं सर्वोपरि है। कार्यकर्ताओं के बलबुते पर हीं संगठन आज मजबूती से कार्य कर रहा है।

**खास बात**

- भाजपा जिला कोरबा की विस्तारित कार्य समिति की आयोजित हुई बैठक

उक्त बातें भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने भाजपा की विस्तारित जिला कार्य समिति बैठक को संबोधित करते हुए कहा। श्री साय ने कहा कि भाजपा संगठन द्वारा सेवा सप्ताह का कार्यक्रम चलाया जाता है। सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य हमारे कार्यकर्ता करते है। हम भविष्य में क्या करना चाहते है, गुरु पूर्णिमा के दिन इसका प्रण करना चाहिए। प्रकृति से मनुष्य लेता अधिक है, लेकिन देता कम है। आज प्रकृति से लिए ऋण को चुकाने का समय है। इसके ठीक विपरीत जीव जंतु पेड पौधे प्रकृति से जितना लेते है उससे अधिक देते है इस लिये प्रकृति पर ध्येय बनाने का काम जो है मनुष्य कर सकता है अगर मनुष्य के आधार पर आकलन करेंगे तो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हीं प्रकृति मनुष्य जीव जंतु पेड पौधे के बारे मे सोचने व्यवहार करने का काम करते है। आगामी आने वाले नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को दृष्टिगत रखकर उन्होंने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि आज कार्यकर्ता के हीं दम से हमने छत्तीसगढ़ में अपनी सरकार बनाई है और आगे भी हमें भरोषा है की कार्यकर्ता हीं सरकार बनाएंगे।

भाजपा की विस्तारित जिला कार्य समिति को छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन संभागीय संगठन प्रभारी श्री अनुराग श्री देव एवं जिला संगठन प्रभारी श्री गोपाल साहू ने भी संबोधित किया बैठक की प्रस्तावना भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह ने रखी कार्यक्रम का संचालन महामंत्री श्री संतोष देवांगन ने एवं आभार प्रदर्शन टिकेश्वर राठिया ने किया। इस दौरान संभाग प्रभारी अनुराग सिंह देव, केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, जिला प्रभारी गोपाल साहू, पूर्व विधायक ननकीराम कंवर, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिलाध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चावलानी, पवन गर्ग, नेता प्रतिपक्ष निगम हितानंद अग्रवाल, महामंत्री द्वय संतोष देवागन, टिकेश्वर राठिया, कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी, जिले के पदाधिकारी व कार्यसमिति के सदस्य, मंडल अध्यक्ष व महामंत्री एवं सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं संयोजक उपस्थित रहे।




कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा नेता पवन साय व अन्य।

# वृद्ध की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 62 वर्षीय वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारी की है। यहां निवासरत फूलबाई धनवार 62 वर्ष पति सुखराम धनवार की घर में संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली थी लाश मिलने की सूचना पर बांगो थाना प्रभारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और मामले की गंभीरता को देखते हुए सीन ऑफ क्राईम मोबाइल यूनिट के प्रभारी अधिकारी डॉक्टर सत्यजीत सिंह कोसरिया, आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा घटनास्थल पहुंचे और घटनास्थल एवं शव निरीक्षण किए। जहां परिजनों द्वारा आशंका जताई गई थी कि हाथी द्वारा मारा गया होगा लेकिन घटनास्थल पर किसी भी तरह के हाथी के उपस्थित होने का साक्ष्य नहीं मिला है एवं मृतका के शरीर पर ऊपरी तौर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस की टीम।

### अस्पतालों में सर्दी, खांसी और बुखार के बढ़े मरीज

**कोरबा।** मौसम में बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। शासकीय व निजी अस्पताल के ओपीडी में इलाज कराने के लिए मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रोजाना औसतन लगभग 650 से अधिक मरीजों ने ओपीडी में इलाज कराने पहुंच रहे थे। जिले के शासकीय व निजी अस्पतालों के ओपीडी में इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। मंगलवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी में इलाज कराने के लिए भीड़ रही। काउंटर पर पर्ची लेने के लिए मरीजों की लंबी कतार लगी रही।

## खेतों में थरहा के लिए पानी की बनी समस्या, खेतों में आ रही दरारें

# अल्प वर्षा से जिले के किसानों की बढ़ी चिंता, सूख रहे खेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खंड वर्षा को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरी क्षेत्रों में अधिक वर्षा देखने को मिल रही है। जिले में अब तक 4733.2 मिलीमीटर वर्षा खेती के लिए पर्याप्त नहीं है। फसल के अनुकूल वर्षा के अभाव में खेती में प्रगति नजर नहीं आ रही है। धूप व उमस हावी होने के कारण थरहा खेतों में पानी की कमी होने लगी है। अच्छी वर्षा की आस में आसमान निहारते किसानों को यहां वहां उड़ते बादल निराश कर रहे हैं। पर्याप्त सिंचाई सुविधा नहीं होने से जिले के किसान अब भी मानसून आश्रित खेती पर निर्भर हैं।



समय पर वर्षा नहीं होने से पिछड़ती खेती ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। आषाढ़ का महीना पूरा होने जा रहा है, आने वाले दिनों में सावन की शुरूआत हो जाएगी। लंबे समय तक मानसून के निष्क्रिय होने से दोबारा बोआई की भी नौबत आ सकती है। अनेक क्षेत्रों के खेतों में अभी भी नमीं नहीं आयी है। आसमान पर कुछ समय के लिए बादल तो छाते हैं, लेकिन चंद मिनटों में गायब भी जाते हैं। पिछले कुछ दिनों से कभी धूप तो कभी छांव का दौर चल रहा है। वर्षा नहीं होने से सभी परेशान हैं। सबसे अधिक दिक्कत किसानों को हो रही हैं। मौजूदा समय में किसानों को पानी की सख्त आवश्यकता है, लेकिन बरसात न होने से थरहा के लिए किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। अगर अगले हफ्ते तक वर्षा नहीं हुई तो कई क्षेत्र की स्थिति चिंताजनक हो सकती है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि अगर मौसम इसी तरह रहा तो पैदावार भी प्रभावित हो सकती है। सिंचाई संसाधनों का विस्तार नहीं होने से किसानों को खेतों जल संरक्षण के लिए क्यारी खेती की सलाह दी जा रही है। बहरहाल किसानों का पूरा ध्यान थरहा की तैयारी पर केंद्रित है। अब तक 85 प्रतिशत से अधिक किसानों ने बोआई का काम पूरा कर लिया है। कुछ किसानों के खेत में थरहा तैयार हो चुका है। झमाझम वर्षा हुई ती रोपाई व बियासी के कार्य में प्रगति की संभावना है। अब तक हुई वर्षा पर गौर करें तो सर्वाधिक 580 मिलीमीटर वर्षा दर्री तहसील में हुई। वहीं सबसे कम वर्षा अजगरबहार तहसलील में 208.3 मिमी दर्ज की गई है।

## एक लोनर रिहायशी क्षेत्र में घुसने की कर रहा था कोशिश

# 32 हाथियों ने सड़क की रोकी रफ्तार तो लोनर ने वन अमले का बढ़ाया टेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

झुंड से अलग हुआ लोनर हाथी बुधवार की रात शहरी सीमा पर पहुंच गया था। खबर मिलते ही वन विभाग की टीम अलर्ट हुई और हाथी को जंगल में खदेड़ा। इधर 32 हाथियों का झुण्ड कुदमुरा तौलीपाली सड़क पर आ गया था लेकिन अभी खतरा टला नहीं है। वन विभाग की टीम पूरी तरह से सतर्क है प्रशासन व पुलिस को इसकी सूचना भी दी गई है।

कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में 32 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जो एक इलाके से दूसरे इलाके में लगातार घूम रहा है और फसलों को भी चट कर रहा है इस झुण्ड से अलग हुआ एक लोनार हाथी बुधवार की रात करतला रेंज से होते हुए कोरबा रेंज के शहरी क्षेत्र के रिहायशी सीमा पर आ गया था। जैसे ही देर रात को कोरबा वनमंडलाधिकारी अरविंद पीएम को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने लोनार हाथी को रोकने एसडीओ आशीष खेलवार व एसडीओ सूर्यकांत सोनी को निर्देशित किया। जिसके बाद अलग-अलग टीम गठित की गई और पूरी रात वन अमले की टीम तेज बारिश में लोनर हाथी की ट्रैकिंग करती रही। जिसके चलते हाथी रिहायशी क्षेत्र में घुस पाने में सफल नहीं हो पाया । बताया जाता है कि गुरुवार की देर शाम वन विभाग के अधिकारियों ने हाथी की लोकेशन ली तो भैसमा के आसपास ही पाया गया है। वन विभाग की टीम पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है इसकी सूचना प्रशासन और पुलिस को दे दी गई है। हाथी को जंगल की ओर खदेड़ने के लिए चार अलग-अलग टीम क्षेत्र में लगाई गई है। साथ ही जिस क्षेत्र में हाथी जाने की संभावना है उस क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांव में अलर्ट मोड जारी किया गया है ताकि कोई जनधन की हानि ना हो।



TOP IN JANJGIR

ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12th Bio&Maths |

Gurukripa paramedical college
Nehru Chowk Bilaspur
Mo.7000421146

# जांजगीर जिले के अग्रणी शिक्षण संस्थान


सर्वोच्च बोर्ड परिणाम के साथ... 22 वर्षों से अधिक का गौरवशाली इतिहास .....
संस्कार भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैजैपुर
हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम
संस्कार शिक्षा सफलता का संगम। विगत 22 वर्षों से भरोसे एवं विकास का प्रतीक प्री प्रायमरी से 12 वीं तक विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन
Admissions Open
Nur. to 12th
• Play School • CCTV Monitored
• क्षेत्र के सभी स्थानों से वाहन सुविधा
• मेधावी छात्रों को प्रतिभा प्रोत्साहन राशि प्रतिवर्ष
गणित जीव विज्ञान वाणिज्य एवं कृषि संकाय
LIMITED SEATS : HURRY UP !!
Jaijaipur, Dist: Sakti (C.G.) Contact No. 8770607726, 9179500939



जिज्ञासा उ.मा. विद्यालय जांजगीर
कक्षा LKG से 12वीं
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम)
विज्ञान, कला, वाणिज्य संकाय
प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश हेतु संपर्क करें
9926193803, 9770691166



DESTINATION
ENGLISH MEDIUM SCHOOL
(NURSERY TO 12th)
Ravi Shanker Nirmalker
Destination English Medium School
9753386893
नोट: स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के पालकों परिवार के सदस्य के लिये स्पोकन इंग्लिश की क्लास निःशुल्क
Qualified and Experienced Teachers
Special attention to. Spoken english
Abacus Class
CCTV Surveillance
Education Based activities
CBSE Pattern
ADDRESS-POLYTECHNIC COLLEGE ROAD PENDRI JANJGIR



हरिराम गढ़वानी मेमोरियल
जय भारत इंग्लिश मिडियम स्कूल जांजगीर
जिला : जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
जिले के एकलौते स्कूल जय भारत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय से JEE ADVANCED मे हुआ सलेक्शन JEE MAINS में भी बच्चों का रहा दबदबा।
सौम्या नामदेव
JEE ADVANCED
2024-2025 ADMISSION OPEN
JEE MAINS JEE MAINS JEE MAINS JEE MAINS
प्रवेश प्रारंभ 2024-25
Akaltara Road, Janjgir (C.G.) Mob. : 9425230344,8878234556, E: Mail: hgmjbems@gmail.com



प्रवेश प्रारंभ... क्षेत्र के उत्कृष्ट महाविद्यालय प्रवेश प्रारंभ...
पं. जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय नवागढ़
अन्नपूर्णा बंसल
प्राचार्य, राधाकृष्ण शिक्षण समिति नवागढ़
विनोद बंसल
संचालक, राधाकृष्ण शिक्षण समिति, नवागढ़



प्रवेश प्रारंभ Admission Open Limited seat
37 वर्षों से संचालित
GYANROSHANI
Behind Stadium, Janjgir
CBSE Recognised, Up to Class 10th
GYANDEEP HR. SEC. SCHOOL
(English Medium) Nursery to 12th, English Medium
ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक शाला जांजगीर
(हिन्दी माध्यम) नर्सरी से बारहवीं, इंग्लिश मीडियम तथा हिन्दी मीडियम
ज्ञानरोशनी महाविद्यालय
जांजगीर कोड-446 बी.ए., बी.कॉम. में प्रवेश प्रारंभ सिटी ऑफिस ज्ञानदीप स्कूल के पास
ज्ञानरोशनी कॉलेज ऑफ फार्मेसी जांजगीर
डी-फार्मा बी-फार्मा प्रवेश प्रारंभ
बी.एड.
जांजगीर शहर के बीच, हृदय स्थल में स्थित बस स्टैण्ड से 1.5 कि.मी. एवं नैला रेल्वे स्टेशन से 2 कि.मी. तथा चाम्पा से 8 कि.मी. की दूरी पर स्थित
ज्ञानरोशनी बी.एड. कॉलेज-जांजगीर, कोड-115311
ज्ञानदीप बी.एड. कॉलेज-जांजगीर, कोड-115307
Director
Dr. Akhilesh Katakwar
9425230436
Link Road Janjgir



GYANODAY ENG MED HRY SEC. SCHOOL
Nursery to 12th Akaltara Road, Janjgir English medium
ART MATHS COMMERCE SCIENCE AGRICULTURE
ज्ञानोदय उच्च. माध्य. विद्यालय अकलतरा रोड जांजगीर नर्सरी से बारहवीं (हिन्दी माध्यम)
केशरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी खोखरा, जांजगीर (छ.ग.) College Code: 52003
त्रिवेणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी तिलई, जांजगीर (छ.ग.) College Code: 52002-3
PCI दिल्ली से मान्यता एवं CSVTU विश्व विद्यालय भिलाई से सम्बद्धता प्राप्त
प्रवेश हेतु योग्यता-कक्षा 12वीं उत्तीर्ण। (विज्ञान/गणित विषय के साथ)
2 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर स्वयं का मेडिकल स्टोर खोलें
बी.एड. प्रवेश-जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) के प्रमुख शिक्षा महाविद्यालय
जांजगीर शहर के मध्य, बस स्टैण्ड एवं नैला रेल्वे स्टेशन से 1.2 कि.मी. तथा चाम्पा से 8 कि.मी. दूरी पर स्थित
NCTE, SCERT से मान्यता एवं SNPV विश्व विद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
ज्ञानोदय कॉलेज ऑफ एजुकेशन जांजगीर (छ.ग.) 115308 कॉलेज कोड
केशरी शिक्षण समिति खोखरा, जांजगीर (छ.ग.) 115310 कॉलेज कोड
सिटी ऑफिस: ज्ञानोदय विद्यालय, अकलतरा रोड, जांजगीर, मो. 9425230437, 9589120437, 9329310437
संचालक डॉ. सुरेश यादव



स्थापना वर्ष 2009 Affileted by NCVT Delhi पंजीयन क्र. 1735
JAGRANI DEVI ITI JANJGIR
Admission Open
Electrician 17,000/- Only
Copa 15,000/- Only
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में सबसे कम शुल्क में प्रशिक्षण
• अनुभवी योग्य प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा अध्यापन
• प्रशिक्षित छात्रों के रोजगार हेतु प्लेसमेंट कैम्प
• शिक्षण शुल्क आपके अनुसार किश्तों में दे सकते हैं
• राज्य एवं नेशनल छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध
• एजुकेशन लोन, हॉस्टल एवं सम्पूर्ण संस्था सी.सी.टी.वी. से कवरेज
• शासन द्वारा दिये जाने वाले मोबाईल, टेबलेट अन्य सभी
• विगत वर्षों से शत्-प्रतिशत परीक्षा परिणाम
संस्थापक डॉ. बृजभूषण द्विवेदी
तकनीकी शिक्षा में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
सम्पर्क - 8319969445 (Principal), 7415810576, 6267428101
पता-बम्लेश्वरी पेट्रोल पंप के बगल अकलतरा रोड जांजगीर



ज्ञान भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम नर्सरी से 12वीं सभी संकाय छत्तीसगढ़ बोर्ड)
प्रवेश प्रारंभ
नोट:- 31 जुलाई तक कुल शुल्क जमा करने पर 10% की अतिरिक्त छूट।
सुविधाएँ...
1. पूर्ण अनुशासित, नैतिक, चरित्रवान, संघर्षशील व्यक्तित्व निर्माण हेतु तत्पर।
2. आरामदायक वैन एवं बस द्वारा नियमित एवं जवाबदार वाहन व्यवस्था।
3. कम्प्यूटर कक्ष, विज्ञान प्रयोगशाला, संगीत, कला एवं नृत्य का विशेष प्रशिक्षण।
4. विद्यालय परिसर एवं कक्षाओं की सी.सी.टी.वी. कैमरे द्वारा विशेष निगरानी।
5. हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए स्पोकन इंग्लिश की कक्षाएं।
6. आवश्यकतानुसार विद्यालय में अतिरिक्त कक्षाएं व कोचिंग कक्षा का प्रबंध।
7. कम शुल्क में सर्वोत्तम शिक्षा एवं संस्कार।
आर.सी. पाण्डेय
संचालक
ज्ञानभारती स्कूल
ज्ञान भारती विद्यालय परिसर
लिंक रोड, जांजगीर
मो.:- 98265-52609, 98279-96782, 62632-53260

## खबर संक्षेप

### हज की यात्रा कर वापस हुए हज यात्री



**अकलतरा।** हज की यात्रा पर गए हज यात्री स्वदेश वापस हुए। राज्य के 361 हज यात्रियों के काफिले में 189 पुरुष एवम 172 महिला शामिल थे। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान ने बताया कि हज 2024 के लिए मुंबई एम्बारकेशन पॉइंट से रवाना हुए राज्य के हज यात्रियों का काफिला सऊदी एयरलाइन्स की फ्लाइट से दोपहर 13:06 बजे मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचा। राज्य के 361 हज यात्रियों के काफिले में 189 पुरुष एवं 172 महिला हज यात्री स्वदेश वापस हुए, जिसमें जिले के जांजगीर चांपा के 4 हज यात्री शामिल रहे। उन्होंने बताया कि हज यात्रियों की वापसी पर एयरपोर्ट में लगेज उपरांत प्रत्येक हज यात्री को 5 लीटर जम जम उपलब्ध कराया गया। एयरपोर्ट में ही हाजियों का गुलपोशी से राज्य हज कमेटी द्वारा इस्तकबाल किया गया। इस वर्ष राज्य से कुल 738 हज यात्रियों ने हज 2024 की सआदत हासिल की, जिसमे कुल 375 पुरुष व 363 महिला हज यात्री शामिल रहे। इस अवसर पर राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान, हज कमेटी सदस्य शमीम अख्तर, हाजी अब्दुल रज्जाक खान, मोहम्मद इमरान , मोहम्मद तनवीर खान एवं राज्य हज कमेटी के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### राजस्व मंत्री वर्मा ने किया प्रार्थना पत्रिका का विमोचन

**तनौद।** तनोद कमरीद देवरघटा धाम में विनिर्मित सनातन धर्म संरक्षण प्रचार प्रसार केंद्र वानप्रस्थ आश्रम एवं भारत माता कि व्यथा मुक्ति के लिए सामूहिक प्रार्थना परिसर के संस्थापक कोडाभाट के वानप्रस्थि बलराम सिंह आध्यात्मिक चिंतक के द्वारा रचित भारत माता की व्यथा मुक्ति यानी भ्रष्टाचार, दुराचार, अन्याय, अत्याचार, लिप्सा, अनैतिकता, अमर्यादा, हिंसा आदि विकृतियों के संपूर्ण उन्मूलन एवं भारत माता के वीर सपूत समस्त सुरक्षाकर्मियों की सुरक्षा तथा उनमें महाशक्ति उत्सर्जन हेतु राज्यस्तरीय सामूहिक प्रार्थना करने वे प्रार्थना लिखते है। उसी के द्वितीय भाग का विमोचन भाजपा जिला कार्यालय बलौदा बाजार में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने विमोचन किया।

### सांसद ने सावन स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग

**बाराद्वार।** सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर सावन स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग। सांसद कमलेश जांगड़े लगातार क्षेत्रवासियों की मांगों को पूरा करने हेतु प्रयासरत है। साथ ही जो सुविधाएं मिलने से क्षेत्रवासियों को लाभ मिलेगा उस कार्य को भी पूरा करने हेतु प्रयासरत है। इसी कड़ी में सांसद कमलेश जांगड़े ने सावन स्पेशल ट्रेन की मांग की है। सावन के महीने में छत्तीसगढ़ से बाबाधाम (देवघर) हजारों की संख्या में श्रद्धालु जाते हैं, लेकिन इस यात्रा के लिए छत्तीसगढ़ से प्रतिदिन एक ट्रेन और एक साप्ताहिक ट्रेन ही है जिससे श्रद्धालुओ को काफी परेशानी होती है वहीं बहुत से श्रद्धालु यात्रा नहीं कर पाते हैं। इस परेशानी को देखते हुए सांसद कमलेश जांगड़े ने रेलवे महाप्रबंधक से पत्र लिखकर सावन स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग की है।

### छात्रावास, आश्रमों में स्वास्थ्य जांच परीक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित

**सक्ती।** अनुसुचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थियों के लिये स्वस्थ तन स्वस्थ मन (स्वास्थ्य सुरक्षा) योजना 2007 के अंतर्गत जहां शासकीय चिकित्सा विहीन संस्था है। विभागीय छात्रावास, आश्रमों में निवासरत छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य जांच परीक्षण हेतु जिला सक्ती के लिए ऐसे निजी प्रेक्टिशनर जिनकी योग्यता एम बी.बी.एस., बी.ए.एम.एस एवं बी.एच.एम.एस. डिग्रीधारी चिकित्सकों से एक या एक से अधिक संस्थाओं (छात्रावास व आश्रमों) के लिये सत्र 2024-25 में निवासरत विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिये 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार निजी प्रेक्टिशनरों चिकित्सकों को जिले में स्वीकृत 50 सीटर छात्रावास व आश्रमों में प्रवेशित छात्र, छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण के लिए 750 रूपए प्रति भ्रमण एवं 100 सीटर छात्रावास व आश्रमों में छात्र, छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण के लिए 1200 रूपए प्रति भ्रमण मानदेय भुगतान किया जाएगा, निजी चिकित्सक माह में कम से कम 02 बार छात्रावास व आश्रमों में स्वास्थ्य परीक्षण करेगें, निजी चिकित्सक प्रत्येक छात्रावास व आश्रम के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत एक स्वास्थ्य पंजी में विवरण दर्ज करेगें।

## निधन

### जमुना बाई कुर्रे



**बिर्रा।** ग्राम देवरीमठ करही मोड़ की प्रतिष्ठित महिला जमुना बाई कुर्रे का शनिवार 13 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 75 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि जेष्ठ सुपुत्र जगजीवन प्रसाद कुर्रे ने दी। वे अपने पीछे तीन पुत्रों एवं तीन पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओं के अलावा ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे महेंद्र प्रसाद कुर्रे एवं खडबदन प्रसाद कुर्रे की माता थी।

पुलिस अधीक्षक ने मोबाइल धारकों को किया वितरण

# अलग-अलग क्षेत्रों से पुलिस ने 9 लाख के मोबाइल किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हमर पुलिस हमर संग अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग जिला क्षेत्रो से 65 नग गुम मोबाइल बरामद किया है। जब्त मोबाइल की कीमत करीबन 9 लाख रुपए बताई जा रही है। एसपी विवेक शुक्ला द्वारा सायबर सेल में मोबाइल धारक को वितरण किया गया।

ज्ञात हो कि मोबाइल धारक द्वारा अपनी एंड्रॉइड फोन के गुम होने की सूचना थानों में दिया गया था, जिसकी खोजबीन साइबर सेल जांजगीर द्वारा किया जा रहा था। सीईआईआर पोर्टल जो गुम मोबाईल की जानकारी हेतु भारत सरकार द्वारा लॉच किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से कुल 65 मोबाईल बरामद कर मोबाईल स्वामी को सुपुर्द किया गया। अभियान के तहत जांजगीर चाम्पा जिले के अलावा, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, रायपुर, दुर्ग, सक्ती



गुम हुए मोबाइल का वितरण करते पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला।

एवम अन्य स्थानों से गुम मोबाइलो को बरामद किया गया। मोबाइल धारकों को अपने मोबाइल फोन मिलने की कोई उम्मीद नही थी, लेकिन पुलिस द्वारा सायबर सेल की तकनीकी सहायता से बरामद कर मोबाइल धारक को वापस किया गया। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की अपने मोबाइल को सम्हाल कर रखे यदि गुम या चोरी होती है तो तत्काल दस्तावेज के साथ थाना जाकर सूचना देवे। ज्यादातर मोबाइल हाट बाजार, मेला, मंढई में गुम होते है, ऐसे जगहों पर अपने मोबाइल का उपयोग ध्यान से करने हेतु सुझाव दिया गया। यदि किसी व्यक्ति को रास्ते मे कोई मोबाइल गिरा हुआ मिले तो उसे तत्काल नजदीकी थाने में जमा करे और अच्छे नागरिक होने का परिचय देने हेतु सुझाव दिया गया। कोई दुकानदार बिना बिल दिये जिसमे आईएमएईआई न लिखा हो उसे कतई न खरीदे हो सकता है वो मोबाइल चोरी का हो या किसी अन्य घटना में उपयोग किया गया हो। इसी तारतम्य में उपस्थित लोगो को पुलिस अधीक्षक द्वारा सायबर क्राईम एवं सायबर फ्राड से संबंधित जानकारी देते हुए इससे बचाव का उपाय एवं उसकी उपयागिता के बारे तथा महिला सुरक्षा संबंधित जानकारी दिया गया। पुलिस द्वारा सभी से अपील की गई कि अपने मोबाईल फोन को हमेशा पासवर्ड प्रोटेक्टेड रखें । चोरी के मोबाईल जिन मामलों में बरामद हुए है उन पर वैधानिक कार्यवाही की जा रहीं है। उक्त कार्यवाही पर्यवेक्षण अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक अनिल कुर्रे के नेतृत्व में सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक पारस पटेल, एएसआई विवेक कुमार सिंह, प्रधान आर मनोज तिग्गा, विवेक सिंह, आर. सिदार सिंह पैकरा, रोहित कहरा, आनंद सिंह, अर्जुन यादव, महिला आर दिव्या सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मड़वा प्लांट के भू-विस्थापितों को योग्यता के आधार पर नौकरी देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



अधिग्रहित निजि कृषि भूमि के एवज में छत्तीसगढ़ शासन के आदर्श पुनर्वास नीति 2007 (यथा संशोधित) 2010 के प्रावधानों के अनुरूप शैक्षणिक योग्यता आईटीआई एवं इंजीनियरिग के अध्ययन पर संयंत्र परिचारक श्रेणी- 2 के पद पर नियमित नियुक्ति प्रदान करने हेतु मड़वा पावर प्लांट के समस्त भू-विस्थापितो ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर एवं क्षेत्रीय विधायक ब्यास कश्यप को सौंपा हैं। ज्ञापन के माध्यम से योग्यता के आधार पर नौकरी देने की मांग की।

- **मुख्यमंत्री को कलेक्टर जांजगीर-चाम्पा के माध्यम सौपा गया ज्ञापन**

ज्ञापन में भू-विस्थापितों ने बताया कि उनकी पैतृक कृषि भूमि जो आजीविका का मूल स्त्रोत था के भूमि का अधिग्रहण 2x500 मेगावाट मड़वा तेन्दूभाठा, जांजगीर के अटल बिहारी वाजपेयी मड़वा तेन्दूभाठा, ताप विद्युत गृह के परियोजना के अंतर्गत आवासीय परिसर, सीधी सड़क, रेल्वे लाईन, पाईप लाईन, राखड़ बांध तथा अन्य निमार्ण हेतु 16 गांव के भूमि को अधिग्रहित किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन आदर्श पुनर्वास नीति के अंतर्गत मुआवजे के अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यतानुसार नियमित नियुक्ति, भत्ता एवं अन्य पुर्नवास लाभ देने हेतु कैम्प लगाकर नामांकन फार्म भरवाया गया था तथा भाजपा के शासन में कुछ भू-विस्थापित को नियमित नियुक्ति दिया गया है। सरकार बदलने के बाद कांग्रेस की शासन में एक भी भू-विस्थापित को कम्पनी द्वारा नियमित नियुक्ति नहीं दिया गया है। वर्तमान में फिर सरकार बदलने के बाद कम्पनी द्वारा (आई टीआई एवं इंजीनियरिंग) योग्यता रखने वाले नामांकित भू- विस्थापितो को संयंत्र परिवारक श्रेणी 2 के पद पर नियमित नियुक्ति देने हेतु कनी दस्तावेज को कलेक्टर, एसपी, एसडीएम, तहसीलदार द्वारा संपूर्ण जांचकर हम सभी भू-विस्थापित पूर्ण दस्तावेज एवं समस्त औपचारिकता पूर्ण के साथ मुख्य अभियंता छ. रा.पा.ज. कं.लि. रायपुर में जमा कर दिया गया है परंतु आज तक एक नियमित नियुक्ति प्रदान नहीं किया गया है। भू-विस्थापितों ने आश्रित अथवा स्वयं के द्वारा औपचारिकतायें पूर्ण कर कलेक्टर के माध्यम से आवेदन जमा कर दी गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में रामखिलावन राठौर, सोनू राठौर, घासीराम साहू, मनीष कुमार, विजय कुमार, अरविंद सिंह, मोहन लाल सूर्यवंशी, फिरतराम, सन्तोष कुमार, विनोद कुमार सहित बड़ी संख्या में भू-विस्थापित मौजूद रहे।



## हज़रत इमाम हुसैन की याद में निकाला गया ताजिया

**अकलतरा।** इस्लाम का पवित्र ईस्लामी पहला महीना मोहर्रम का होता है। इस मुबारक महीने में हजरत इमाम हसन और हुसैन ने ईस्लाम की खातिर कर्बला के मैदान में जंग करते हुऐ शहादत पाई थी। कर्बला में 72 लोग इमाम हसन और हुसैन के साथ थे और लाखों के लाव लश्कर के सांथ याजिदो की फौज पर फ़तह पाई थी। जंग के दौरान नमाज ऐ इबाबद की हालत में धोखे से हज़रत इमाम हुसैन के सर को तन से जुदा कर दिया गया था। मोहर्रम पर्व पर हर साल की तरह इस साल भी पुरानी बस्ती तुर्का पारा से ताजिया बना करके जुलूस की तरह ताजिया निकाला गया। हज़रत मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन जो इस्लाम को बचाने के लिये कर्बला के मैंदान में याजिदो से लड़ते लड़ते शाहिद हो गये थे उनकी याद में ताजिया निकाला गया। इस मुबारक महीने में खास नमाज होती है जो 10 मोहर्रम को यौमे आशूरा के नाम से मनाया जाता है और ताजिया घुमाया जाता है। इस मौके पर मस्जिद के सामने,मदीना चौक में,देवांगन मोहल्ला,शास्त्री चौक, सब्जी मंडी स्टेशन रोड में जगह जगह शर्बत-लंगर-हलवा मीठा का आयोजन किया गया।

# पौधरोपण से लेकर वृक्ष बनने तक संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

संकुल केंद्र बरगवां के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बरगवां, कटघरी, कोटगढ़,महमदपुर, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कटघरी, बरगवां, महमदपुर एवं शासकीय हाई स्कूल बरगवां में एक

- **संकुल केंद्र बरगवां में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने लगाए पौधे**

पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पौधारोपण कार्यक्रम सुख को संबोधित करते हुए संकुल प्रभारी अजय मार्बल ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत संकुल केंद्र के अंतर्गत सभी स्कूलों में पौधारोपण कर ट्री गार्ड अथवा अन्य उपाय के माध्यम से पौधों को सुरक्षित एवं संरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। शैक्षिक समन्वयक अम्बरीश सिंह बैस ने कहा कि स्कूलों में प्रतिवर्ष पौधारोपण किया जाता है लेकिन इस वर्ष पौधा रोपण कार्यक्रम को मां के साथ जोड़कर शासन प्रशासन द्वारा अभिनव पहल



पौधरोपण करते संकुल प्रभारी, शैक्षिक समन्वयक एवं छात्र।

किया गया है। मां के नाम रोपित पौधे से सभी लोग भावनात्मक रूप से जुड़कर पौधे की हरसंभव एवं बेहतर देखभाल कर उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखेंगे। कार्यक्रम में व्याख्याता एस आर राज, राजीव साहू ,बीएल कर्ष, शिखा चौबे ,लक्ष्मी साहू ,रुक्मणी पटेल ,प्रधान पाठक उषा जगत, गंगा राम साहू ,उदयराम धिरही, प्रमोद कौशिक ,सुरेश कंवर ,आशा देवांगन, अजय साहू, सतीश पटेल ,मेरी कंचन तिग्गा, मंजू लता पाटले, शंकर लाल कश्यप ,सनत साहू, गौरी शंकर साहू ,सिद्धि सिदार, रूपेश सिंह, सुचिता धीवर ,अमृत कंवर, देवेंद्र तिवारी, कुंती कंवर ,सरला साहू, सबीना बानो खान, हेमलता यादव, शशि कंवर, डमरूधर खुंटे, श्याम साहू, राजेश्वर रात्रे, सुनीता कमलवंशी, संगीता सिदार, भवानी कमलवंशी एवं विद्यार्थियों के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में पौधरोपण

**सक्ती।** एक पेड .मां के नाम कार्यक्रम के तहत सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी 16 जुलाई को विद्यालय परिवार द्वारा पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजितकिया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल, वरिष्ठ पदाधिकारी पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी श्री वर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य बजरंग लाल अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य पुरण गिरी गोस्वामी,



प्रधानाचार्य बलदाऊप्रसाद साहू सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थे। इस अवसर पर बच्चों ने अपने हाथों से पौधे लगाकर संरक्षण देने का संकल्प लिया। विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष रामावतारअग्रवाल ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर परिवार द्वारा वर्ष भर पौधरोपण का कार्यक्रम निरंतर किया जाता है, तथा मानसून समय वृक्षारोपण के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

## सिलादेही स्कूल में पौधरोपण

**बिर्रा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलादेही में एक पेड़ मां के नाम पर फलदार अमरूद कटहल नींबू पौधारोपणा बीईओ एम डी दीवान प्रभारी प्राचार्य शमरीन खान ,बंसत चतुर्वेदी प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन धन्यकुमार पाण्डेय जिलाध्यक्ष छग शिक्षक संघ प्रभारी प्राचार्य शिवकुमार पटेल शा उमावि करनौद की उपस्थिति में हुआ। बीईओ एम डी दीवान ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए सभी को कम से कम एक एक पेड़ जरुर लगाना चाहिए। कार्यक्रम को बंसत चतुर्वेदी, प्रभारी प्राचार्य शमरीन खान, धन्यकुमार पाण्डेय, सुरेश कुमार यादव व शिव कुमार पटेल ने ने भी संबोधित किया। इस मौके पर अनिता राज, गीता जायसवाल, सुरेश कुमार यादव, राजेश पटेल, उत्तम साहू उपस्थित थे।



# महिलाओं ने देखी जैविक पद्धति से सब्जी व फल-फूल की खेती

**बहेराडीह।** ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं, युवतियों, महिलाओं को स्व रोजगार के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने वाले भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोरबा द्वारा करतला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सुख़रीकला के 31 महिलाओं को 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह का भ्रमण कराया गया।

महिलाओं ने मशरूम उत्पादन, डेयरी फार्म, वर्मी कम्पोस्ट इकाई, केचुआ पालन इकाई, बॉयोगैस सयंत्र, गोमूत्र ईकाई, रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, छत पर बागवानी, नाडेप खाद,मछली पालन इकाई, जैविक पद्धति से सब्जी, फल, फूल की खेती,केले और साग भाजी के रेशे से बनाई जा रही कपड़ा, रंग बिरंगी राखियां,छत्तीसगढ़ की 36 भाजियों और देशी बीजों का संरक्षण केंद्र, विलुप्त चीजों को सहेज कर रखी गई संग्रहालय, पांच फीट उचाई की धनिया, बड़ी, पापड़ सुखाने वाली ड्रायर मशीन,केले की तने से रेशे निकालने वाली रेशपेडर मशीन आदि का अवलोकन किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन एसबीआई आरसेटी कोरबा में छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के कंट्रोलर अरुण कुमार सोनी के निर्देश पर ईडीपी असेसर सुरजीत



गुहा बिलासपुर, डोमिन असेसर जागृति साहू दुर्ग द्वारा असेसमेंट किया गया। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर गणेश उरांव, फैकेल्टी गौतम जांगड़े, प्रह्लाद कुमार, आयुष कुमार, जशवंत कुमार, मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव, दुर्गेश्वरी, ज्योति सोनवान,सक्रिय महिला नहर बाई यादव,पशु सखी फिरतींनबाई, कृषि सखी लखेश्वरी यादव,कांति कुमारी श्रीवास, इशिता, शीतल यादव, अंजली यादव, कविता, संतोषी लोहार, शांति विश्वकर्मा, सरोजनी बाई, अंजली कर्ष, प्रीति कर्ष, आरती मरावी उपस्थित रही।

# नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

**अकलतरा।** रेल प्रशासन के द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत नगर के रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है जिसके चलते रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित श्री हनुमान मंदिर को रेलवे स्टेशन के पास ही मस्जिद रोड में स्थानांतरित किया गया है। आज मस्जिद रोड में नवनिर्मित श्री हनुमान मंदिर में बजरंगबली के विग्रह का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पुरोहित साकेत द्विवेदी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आयोजन में श्री अग्रवाल सेवा समिति ,छत्तीसगढ़ चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री अकलतरा इकाई , मॉर्निंग वॉकर समिति एवं नगर वासियों का




सहयोग रहा। आयोजन समिति के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पश्चात भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश साहू ,रमेंद्र सिंह चौहान, विजय केडिया, संतोष अग्रवाल ,प्रभात बगड़िया, जीएस राजवाड़े, नरेश केडिया , कमल केडिया,रविंद्र सिंह बैस, केशव कौशिक, राजन केडिया,एन एस गभेल, भोकू पालीवाल, विकास केडिया, राजेश्वर मरकाम, हितेश पालीवाल, राजेश अग्रवाल एवं नगर वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

भजन-कीर्तन, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं रात्रि में होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

# गुरुपूर्णिमा पर अघोर आश्रम में लगेगा मेला, जुटेंगे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

गुरु पूर्णिमा हिंदुओं के प्रमुख पर्वों में से एक है। इस दिन लोग अपने-अपने गुरुओं का सम्मान करते हैं और उपहार भी देते हैं और गुरु अपने शिष्यों को आशीर्वाद देते हैं। ये परंपरा सदियों पुरानी है। ये पर्व मुख्य रूप से महर्षि वेदव्यास की स्मृति में मनाया जाता है। समय के साथ इसमें कुछ परिवर्तन जरूर आया है, लेकिन इसका महत्व आज भी जस का तस बना हुआ है। इस दिन लोग भगवान को भी गुरु मानकर उनकी पूजा करते हैं।

गुरु शिष्य के जीवन में सबसे ज्यादा महत्व रखने वाली गुरु पूर्णिमा का उत्सव 21 जुलाई रविवार को मनाया जाएगा। इस अंचल का सबसे प्रसिद्ध धार्मिक व आध्यात्मिक केंद्र अघोर पीठ जन सेवा अभेद आश्रम पोंडी दल्हा ग्राम में आयोजित होने वाले गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाने रविवार को हजारों भक्त जुटेंगे। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जहां गुरु अपने



गुरु पूर्णिमा को लेकर आश्रम परिसर में लगाया जा रहा टेंट।

शिष्यों को आशीष वचनों व आशीर्वाद से कृतार्थ करेंगे, वहीं शिष्य अपनी कृतज्ञता प्रकट करेंगे। इस दिन को खास बनाने के लिए आश्रम पर तैयारी जोर-शोर से चल रही है।

**गुरु पूजन,एवं भंडारे आयोजन-**इस अवसर पर अघोर आश्रम में गुरु पूजन, भंडारे एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी होगा। आश्रम के व्यवस्थापक गोपाल राम ने बताया कि गुरुदेव को मानने वाले और अघोर आश्रम के अनेक प्रकल्पों में योगदान देने वाले देश भर से हजारों भक्त सोमवार को यहां जुटेंगे। अघोर आश्रम के संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव कापालिक धर्म रक्षित राम बाबा जी का उनके शिष्यों द्वारा पूजन किया जाएगा।

**विशेष चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन-** किम्स अस्पताल बिलासपुर के डॉक्टर वाई आर राजशेखर कृष्णा- ऑर्थो स्पाइन सर्जन, डा. श्रीकेश गुप्ता, बघेल अस्पताल के डॉ. पारुल भागवत, डॉ. प्रिंस जॉय, डॉ. अंबिकेश साहू (मेडिसिन) बाल रोग विशेषज्ञ और गहन चिकित्सा विशेषज्ञ, डॉ. संतोष मोदी रेडियोलॉजी और मेडिसिन (कार्डियोलॉजी और मधुमेह) डॉ. पुष्पेंद्र सरवा (लैप्रोस्कोपिक सर्जन) द्वारा मरीज़ों का परामर्श कर निःशुल्क द्वावा वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर भजन, कीर्तन, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, भंडारा एवं रात्रि के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। समिति के सदस्यों ने बताया कि क्षेत्र के साथ-साथ महाराष्ट्र, बिहार, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड, ओड़िसा के साथ अन्य प्रदेशों से गुरु भक्त गुरुपूर्णिमा मनाने यहां आएंगे।

# साइकिल मिलने से छात्राओं को अब स्कूल जाने नहीं होगी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

शासकीय हाई स्कूल तुस्मा में सरस्वती सायकल योजना के तहत स्कूल में पढ़ रही छात्राओं को जनपद सदस्य श्रीमती सरिता साहू, ग्राम उपसरपंच गामा सिंह बंजारे की उपस्थिति में सायकल वितरण किया गया।

स्कूल के प्राचार्य श्याम सुन्दर साहू ने बताया की बच्चों के पास सायकल नही होने से आवागमन करने में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। स्कूल में कई छात्राएं ऐसे भी है जो बेहद गरीब परिवार से तालुक रखती है जिनके माता-पिता बच्चे के लिए सायकल नहीं खरीद पा रहे थे। प्राचार्य श्याम सुंदर साहू ने बताया की कई बार बच्चे से सवाल पूछते है की आप लोगों को पढाई लिखाई में कोई परेशानियां तो नही होती है तो छात्राओं द्वारा यही बात कही जाती है कि संसाधन की कमी के वजह से स्कूल आने जाने में परेशानियां होती है। राज्य शासन द्वारा सरस्वती साइकिल योजना के तहत बेटियों के दिए जा रहे साइकिल स्कूल आने जाने में अब परेशानी नहीं होगी। सभी छात्राएं अब प्रतिदिन स्कूल आएंगी। इस अवसर पर गांव के पंचगण, स्कूल के प्राचार्य श्याम सुंदर साहू, व्याख्याता प्रदीप सिंह चंदेल, सुमित कुमार उपाध्याय उपस्थित रहे।